p>

Title: Regarding extension of metro rapid rail from Muzzaffarnagar to Saharanpur in Uttar Pradesh.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): माननीय सभापति महोदय, अभी कुछ दिनों पहले रेलवे मिनिस्टर पीयूष गोयल जी ने दिल्ली से अलवर और दिल्ली से मेरठ के लिए रैपिड रेल चलाने की घोषणा की थी। उसे बढ़ा कर मेरठ से मुजफ्फरनगर कर दिया गया, लेकिन मेरी यह मांग है कि उसे मुजफ्फरनगर से बढ़ा कर सहारनपुर तक कर दिया जाए। हालांकि मैंने इस सिलसिले में एक लैटर मंत्री जी को लिखा था, लेकिन सहारनपुर एनसीआर में शामिल नहीं है, इसलिए वह उसका विस्तार नहीं कर सकते हैं। पब्लिक इंटरेस्ट में हमारा यह कहना है कि सहारनपुर जंक्शन ही एक वाहिद जंक्शन है, जो उत्तराखंड को जोड़ता है। इसी रेलवे के जरिए ही हरिद्वार, मसूरी और देहरादून जाया जा सकता है। इसके अलावा यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि मुल्क की सुरक्षा दृष्टि के लिहाज से सहारनपुर में सरसावा एयरबेस है, जिसको एयरपोर्ट में तब्दील कर दिया गया है। इसके अलावा सहारनपुर में ही मिलिट्री रिमाउंट डिपो भी है एवं वहां रूड़की और देहरादून कैंट भी हैं। इसलिए पब्लिक इंटरेस्ट में यह जरूरी है कि इसे बढ़ा कर सहारनपुर तक कर दिया जाए। इसके अलावा एक इंटरनेशनल वूडन हैंडी क्राफ्ट का हब है। वह पूरी दुनिया में मशहूर है। वहां बॉयर्स को आने-जाने की सहूलियत मिलनी चाहिए, ताकि हमारा फॉरेन एक्सचेंज बढ़े और हमारा बिजनेस भी बढ़े।